उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

राजनीति

शिकारपुर में सपा कार्यकर्ताओं का हुजूम, दिल्ली महारैली के लिए रवाना।



सह संपादक अशोक नेताजी बुलंदशहर। शिकारपुर के किसान भवन पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का विशाल जमावड़ा लगा। डिबाई विधानसभा से समाजवादी प्रत्याशी हरीश लोधी जी और शिकारपुर विधानसभा से प्रत्याशी पिंटू प्रमुख जी के नेतृत्व में दोनों विधानसभाओं के हजारों कार्यकर्ता एकत्रित हुए। सैकड़ों गाड़ियों के काफिले के साथ कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित महारैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए।इस दौरान दोनों प्रत्याशियों ने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि आज की रैली को देखकर प्रदेश में चल रही भाजपा सरकार को हार्ट अटैक आ जाएगा। प्रत्याशियों ने कहा कि वोट चोरों को इस बार जनता उखाड़ फेंकने का काम करेगी। हमारा नारा है "वोट चोरो गद्दी छोड़ो"। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त हैऔरसमाजवादी पार्टी की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। दिल्ली की महारैली ऐतिहासिक होगी और भाजपा सरकार की उल्टी गिनती शुरू करेगी। समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अमर सिंह बघेल ने बताया जनता का मन देखकर भाजपा के कार्यकर्ताओं का दम घुटने लगा है वह समाजवादी पार्टी के संपर्क में आ रहे हैं अब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होना तय हो गया

एक नज़र में

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, एक की मौत दो घायल।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

देश

अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, एक की मौत दो घायल।



संवाददाता हर्ष राठी जवां: थाना छतारी क्षेत्र के गांव नगला कस्बा डडू के समीप हाईवे संख्या 509 पर अज्ञात वाहन ने तीन बाइक सवार दोस्तों को टक्कर मार दी जिसमे तीनों लोग घायल हो गए अस्पताल ले जाने में उनमें एक युवक की मौत हो गई। थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर गढ़िया निवासी मुकेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश 24 वर्ष अपने दो गांव के ही दोस्तों गब्बर पुत्र साहूकार व धोनी पुत्र राजेंद्र के साथ छतारी जनपद बुलंदशहर से बाइक पर गांव लौट रहे थे कि नगला कस्बा डडडू के समीप अज्ञात वाहन उनकी बाइक में टक्कर मार कर फरार हो गया किसी ने मामले की सूचना पुलिस को दी तो थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों घायलों को सामुदायिक...

UJALASPEEDNEWS · ujalaspeednews.com · यह अंक वेबसाइट की खबरों से अपने-आप बना है।